आईआईएम रांची ने एयरपोर्ट पर पहली सामुदायिक लाइब्रेरी लॉन्च की

सिटी रिपोर्टर|रांची

आईआईएम रांची की ओर से रांची एयरपोर्ट पर सामुदायिक पुस्तकालय की शुरूआत की गई है। यह पहल आरंभ फाउंडेशन और भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण के सहयोग से की गई है। सामुदायिक पुस्तकालय का विचार आईआईएम रांची की 2030 की रणनीतिक योजना के अनुरूप है। रांची हवाई अड्डे पर सामुदायिक पुस्तकालय का उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए एक समृद्ध और बौद्धिक रूप से प्रेरणादायक अनुभव प्रदान करना है, जिससे वे किताबें पढ़कर, नए विचारों को बढ़ावा देकर और सकारात्मक प्रेरणा प्राप्त करके अपने प्रतीक्षा समय का उपयोग कर सकें। सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव और बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची के हवाई अड्डा निदेशक केएल अग्रवाल की उपस्थिति में हुई।

Dainik Bhaskar, 30.06.2023, Pg. 02